प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

02.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केन्द्र सरकार से वर्ष 2026–27 के राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए हिमाचल को विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत वित्तीय पैकेज की मांग की है। उन्होंने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से भेंट की और कहा कि राजस्व घाटा अनुदान यानि आर.डी.जी. को बंद करने से प्रदेश की वित्तीय हालत पर दूरगामी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का संविधान ऐसे राज्यों को आर.डी.जी. का प्रावधान करता है जो अपनी राजस्व प्राप्तियों व खर्चों के बीच के अंतर को पाट नहीं सकते। उन्होंने कहा कि हिमाचल की तुलना देश के अन्य राज्यों से नहीं की जा सकती क्योंकि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां दूसरे राज्यों से भिन्न हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

किरेन रिजिजू

केन्द्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि ईरान और इजरायल में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापिस लाया जाएगा और इसके लिए केन्द्र सरकार ने त्वरित कदम उठाए हैं। कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डे पर आज सुबह पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान व इजरायल के बीच जारी संघर्ष को देखते हुए इन देशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं। किरेन रिजिजू ने कहा है कि विदेश मंत्रालय इस स्थिति पर लगातार नज़र बनाए रखे हुए है और मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन देशों में भारतीय फंसे हैं, वहां भारतीय दूतावास सक्रिय रूप से समन्वय स्थापित कर रहे हैं। किरेन रिजिजू ने भरोसा दिलाया कि केन्द्र सरकार हर भारतीय के साथ खड़ी है जरूरत पड़ने पर हर सम्भव सहायता प्रदान की जाएगी।

यूथ पार्लियामेंट

युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने और उनमें नेतृत्व क्षमता पैदा करने के लिए देशभर में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नाहन में आज जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और अपने विचार रखे। सांसद सुरेश कश्यप ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से राजनीति के क्षेत्र में आगे आने का आहवान किया है और यूथ पार्लियामेंट के माध्यम से युवा प्रतिभागियों को एक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

सोलन जलशक्ति

जलशक्ति मिशन के तहत सोलन जिले में प्राकृतिक जलस्रोतों के पास आर.ओ. प्लांट लगाए जाएंगे ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। जिले के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने जलशक्ति विभाग और नगर निगम सोलन को इस बारे में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी जलजीवन मिशन का लक्ष्य प्राकृतिक जलस्रोतों के अस्तित्व को बचाना और हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना है।

नगर निगम पार्षद

भाजपा ने शिमला नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान पर असंवैधानिक व गैर कानूनी तरीके से काम करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने पार्टी पार्षद बिट्टू पाना को निलम्बित करने को लेकर आज उपायुक्त कार्यालय के बाहर महापौर के खिलाफ नारेबाजी की। जिला भाजपा अध्यक्ष केशव चौहान ने कहा कि महापौर द्वारा निगम की मासिक बैठक में भाजपा पार्षदों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है और मनमर्जी से काम कर रहे हैं। उन्होंने बिट्टू पाना के निलंबन को असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने कहा कि महापौर का कार्यकाल पूरा हो चुका है और वे गैर–कानूनी तरीके से पद पर बने हुए हैं।